an>

title: Regarding illegal mining in Uttar Pradesh.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : महोदया, मेरा लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर उत्तर में शिवालिक पर्वत शृंखलाओं से घिरा हुआ है, जिसमें से अनेकों नदियाँ निकलती हैं, जैसे कि यमुना, हिंडन और भी कुछ सैलानी नदियाँ वहाँ से निकलती हैं। इन सभी नदियों के तट पर पिछले लगभग 13 वर्षों से अवैध खनन रेत और पत्थर का हो रहा है। अवैध खनन के नाम पर सरकार को लगभग चौदह हजार करोड़ से ज्यादा राजस्व का नुकसान आज तक हो चुका है। प्रदेश सरकारों के संरक्षण में यह अवैध धंधा चल रहा है। इसमें कुछ तथाकथित नेता और अधिकारी लिप्त हैं। वहाँ आसपास सैंकड़ों गाँव हैं, यदि गाँव वाले आवाज उठाते हैं, कार्रवाई की माँग करते हैं, तो उल्टा उन्हीं निर्दोष गाँव वालों के खिलाफ अर्जी-फर्जी मुकदमे दर्ज करा दिए जाते हैं। वहाँ बहुत ही अराजकता का माहौल फैला हुआ है। इससे पर्यावरण को तो क्षति पहुँच ही रही है, इसके साथ ही जो ओवर लोडेड वाहन हैं, ट्रक हैं, उनके कारण सहारनपुर जनपद की समस्त सड़कें टूटी पड़ी हैं। जगह-जगह पर अवैध रूप से रॉयल्टी वसूली जाती है और एक ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि सहारनपुर में आम इन्सान का जीना बहुत ही मुश्किल हो गया है।

इस खनन के लिए केन्द्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय द्वारा एक एन्वायर्नमेंटल क्लियरेंस सर्टिफिकेट चाहिए होता है, जो उन लोगों के पास नहीं है। मेरा आपसे अनुरोध है कि सरकार इस पूरे में या तो कोई एस.आई.टी. का गठन करे या फिर सी.बी.आई. से इस पूरे मामले की जाँच करवाते हुए उन सभी दोषी नेताओं, दोषी अधिकारियों और अवैध खनन में संलिप्त उन सभी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करके कार्रवाई की जाए। उनसे वह पैसा भी वसूल किया जाए, जिसका नुकसान उत्तर प्रदेश के लोगों को पहुँचा है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. सत्यपाल सिंह अपने आपको श्री राघव लखनपाल जी के विÂषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।